उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

# प्रधानाचार्यो के साथ परिषदीय संवाद
# परिषदीय परीक्षा – 2017


प्रस्तुतकर्ता

विनोद प्रसाद सिमल्टी (अपर सचिव)

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्

रामनगर (नैनीताल)




# संवाद की आवश्यकता

# क्यों?

# चर्चा के बिन्दु

- परिषद का परिचय
- ऑनलाइन पंजीकरण कक्षा 9 से कक्षा 12 तक
- नामावली संशोधन
- अध्यापक विवरण प्रेषण
- नवीन परीक्षा केन्द्र
- प्रयोगात्मक परीक्षा
- शिक्षकों का कोर ग्रुप निर्माण।
- प्री–बोर्ड परीक्षा।
- अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र सह अंकपत्र का नवीन प्रारूप।
- अंक योजना निर्माण (**Marking Scheme**)।

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर
# पृष्ठभूमि

- पर्वतीय क्षेत्रों के छात्रों की समस्याओं को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने राजाज्ञा संख्या 4460/15–7–1(231)/1995 दिनांक 09 फरवरी, 1996 के द्वारा मेरठ/बरेली/इलाहाबाद/वाराणसी के अतिरिक्त माध्यमिक शिक्षा परिषद का एक क्षेत्रीय कार्यालय रामनगर में खोलने का निर्णय लिया।
- 09 नवम्बर, 2000 को उत्तरांचल राज्य का गठन हुआ और उत्तरांचल राज्य में माध्यमिक शिक्षा के विनियमन तथा पर्यवेक्षण/मूल्यांकन हेतु राजाज्ञा संख्या 400–2(260) मा0शि0वि0/2001 दिनांक 26 सितम्बर 2001 के द्वारा उत्तरांचल शिक्षा एवं परीक्षा परिषद का गठन करते हुए अधिसूचना संख्या 685/माध्यमिक 2002, 12 जुलाई 2002 द्वारा राज्य सरकार द्वारा इण्टरमीडिएट शिक्षा अधिनियम 1921 को यथावत् अंगीकृत किया गया।

- वर्ष 2003 में प्रथम बार उत्तरांचल शिक्षा एवं परीक्षा परिषद द्वारा स्वतंत्र रूप से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं का आयोजन किया गया। वर्ष 2005 से हाईस्कूल परीक्षा में सी0बी0एस0ई0 पैटर्न अंगीकृत किया गया जिसकी प्रथम परिषदीय परीक्षा वर्ष 2007 में आयोजित हुई। इसी भाँति इण्टरमीडिएट की सी0बी0एस0ई0 पैटर्न पर आधारित परीक्षा प्रथम बार वर्ष 2009 में आयोजित की गयी।
- दिनांक 22 अप्रैल, 2006 को उत्तरांचल विद्यालयी शिक्षा अधिनियम 2006 (अधिनियम संख्या 08, वर्ष 2006) का प्रख्यापन तथा उत्तरांचल विद्यालयी शिक्षा परिषद की स्थापना हुई। शासनादेश संख्या 201/XXIV–5/2008 देहरादून दिनांक 11 दिसम्बर, 2008 द्वारा उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद का गठन किया गया। गठित परिषद की प्रथम बैठक 28 जनवरी, 2009 को आयोजित की गयी।

➢ वर्तमान में परिषद कार्यालय के द्वारा निम्नांकित परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है–

1. हाईस्कूल परीक्षा।
2. इण्टरमीडिएट परीक्षा।
3. एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा।
4. राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा।
5. एन0एस0एस0 'बी' एवं 'सी' सर्टिफिकेट परीक्षा।
6. द्विवर्षीय डिप्लोमा इन एलीमैन्ट्री एजुकेशन (डी0एल0एड0) प्रवेश परीक्षा एवं सेमेस्टर परीक्षा।
7. उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा–प्रथम (UTET-I) एवं द्वितीय (UTET-II)
8. संस्कृत परीक्षाएं (पूर्व मध्यमा एवं उत्तरमध्यमा 2015 तक)

# परिषद कार्यालय में संचालित अनुभाग

1. प्रबन्ध अनुभाग
2. कोष–लेखा अनुभाग
3. क्रय/स्टोर अनुभाग
4. मान्यता अनुभाग
5. हाईस्कूल परीक्षा अनुभाग
6. इण्टर परीक्षा अनुभाग
7. सिस्टम सेल
8. सन्निरीक्षा अनुभाग
9. सेन्ट्रल यूनिट अनुभाग
10. गोपनीय–01 अनुभाग
11 गोपनीय–02 अनुभाग
12. गोपनीय–03 अनुभाग
13. गोपनीय–04 अनुभाग
14. गोपनीय–05 अनुभाग
15. गोपनीय–06
16. समन्वय अनुभाग
17. समादेश अनुभाग
18. रसीद अनुभाग
19. विभागीय परीक्षा अनुभाग
20. संस्कृत अनुभाग
21. हाईस्कूल अभिलेख अनुभाग
22. इण्टर अभिलेख अनुभाग
23. परिषद् अनुभाग
24. पाठ्यक्रम एवं शोध अनुभाग
25. सूचना का अधिकार अनुभाग
26. यू0टी0ई0टी0 अनुभाग
27. डी0एल0एड0 अनुभाग
28. सूचना संप्रेषण अनुभाग

## • संचालित अनुभाग एवं उनके दायित्व व कार्य :–

**01–प्रबन्ध अनुभाग** :– परिषद् के समस्त कर्मचारियों की सेवा सम्बन्धी प्रकरणों का निराकरण, अनुभागों में कार्यदायित्व एवं माँग के अनुसार जनशक्ति का सामंजस्य स्थापित करना एंव व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखते हुए दायित्वों का निर्वहन करना।

**02–कोष–लेखा अनुभाग :– शासन को बजट आगणन प्रस्ताव प्रस्तुत करना तथा प्राप्त बजट से परिषद् के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन, भत्तों सहित अन्य समस्त प्रकार के बिलों का आहरण/भुगतान करना। जनपदों को समस्त प्रकार के पारिश्रमिकों के भुगतान सहित बजट का आय–व्ययक विवरण का रख–रखाव करना।**

**03– क्रय/स्टोर अनुभाग** :– परिषद् कार्यालय में अनुभागों की माँग के अनुसार समस्त प्रकार की सामग्री का नियमानुसार क्रय करना, भण्डार पंजिका में अंकित कर वितरण एवं रख–रखाव।

**04– मान्यता अनुभाग** :– परिषद् के नियमों, उपनियमों तथा विनियमों के अन्तर्गत विद्यालयों को नवीन हाईस्कूल तथा इण्टर की मान्यता तथा वर्ग, विषय की मान्यता प्रदान करता है एवं उनके अभिलेखों को सुरक्षित रखता है।

**05– हाईस्कूल परीक्षा अनुभाग** :– **हाईस्कूल परीक्षा अनुभाग के संस्थागत/व्यक्तिगत आवेदन पत्र को प्राप्त करना, उनकी जॉच करना, परीक्षा शुल्क की जाँच सहित नामावली तैयार कर विद्यालयों को भेजने का दायित्व निर्वहन करता है। नियम विरूद्ध आवेदन पत्रों को निरस्त करता है।**

**06– इण्टर परीक्षा अनुभाग**:– **इण्टर परीक्षा अनुभाग के संस्थागत/व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को प्राप्त करना, उनकी जॉच करना, परीक्षा शुल्क की जॉच सहित नामावली तैयार कर विद्यालयों को भेजने का दायित्व निर्वहन करता है। नियम विरूद्ध आवेदन पत्रों को निरस्त करता है।**

**07– सिस्टम सेल** :– इस अनुभाग द्वारा परिषद् की समय सारिणी से लेकर परीक्षा की तैयारी से सम्बन्धित समस्त प्रकार के कार्य किये जाते हैं। मानकानुसार कम्प्यूटर फर्मों का चयन किया जाता है। परिषदीय परीक्षाओं सम्बन्धी कार्यों हेतु समस्त अनुभागों को दिशा–निर्देश प्रदान कर कार्यों की सतत निगरानी रखी जाती है।

**08– सन्निरीक्षा अनुभाग :– परीक्षा के तत्काल बाद तथा सन्निरीक्षा पूर्ण होने तक आवेदित उत्तरपुस्तिकाओं की छंटनी तथा स्क्रूटनी (सन्निरीक्षा) करा–कर परीक्षाफल तैयार करने का कार्य करता है।**

**09– सेन्ट्रल यूनिट अनुभाग** :– परीक्षार्थियों के अंकों की एक अतिरिक्त प्रति डिप्टी हैड के लिफाफों के रूप में रखने का कार्य करता है। परीक्षाफल निर्माण के समय छूट गये अंकों को प्राप्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

**10– गोपनीय–01 अनुभाग** :– यह एक अत्यन्त गोपनीय/संवेदनशील अनुभाग है जो प्रश्न पत्र निर्माण से लेकर वितरण तक का कार्य करता है। परीक्षा अवधि में प्रदेश के समस्त परीक्षा केन्द्रों की सतत् निगरानी रखता है।

**11– गोपनीय–02 अनुभाग :– इस अनुभाग द्वारा प्रदेश के समस्त शिक्षकों का डाटाबेस तैयार किया जाता है। योग्य एवं अनुभवी अध्यापकों को वरिष्ठता के आधार पर प्रयोगात्मक परीक्षकों, प्रधान परीक्षकों एवं परीक्षकों की नियुक्ति का कार्य किया जाता है।**

**12– गोपनीय 03 अनुभाग** :– हाईस्कूल परीक्षा के परीक्षा पूर्व एवं, परीक्षोत्तर कार्यों का सम्पादन करता है। रूके हुए परीक्षाफलों का निस्तारण करते हुए परीक्षाफल घोषित करता है। माइग्रेशन प्रमाण पत्र निर्गत करता है।

**13– गोपनीय 04 अनुभाग** :– इण्टर परीक्षा के परीक्षा पूर्व एवं, परीक्षोत्तर कार्यों का सम्पादन करता है। रूके हुए परीक्षाफलों का निस्तारण करते हुए परीक्षाफल घोषित करता है। माइग्रेशन प्रमाण पत्र निर्गत करता है।

**14– गोपनीय–05 अनुभाग** :– इस अनुभाग द्वारा परिषदीय परीक्षाओं के संचालन हेतु जनपदों में परीक्षा केन्द्रों की स्थापना के साथ–साथ परीक्षा के दौरान अनुचित साधन प्रकरणों का निस्तारण किया जाता है एवं आक्षेप सम्बन्धी प्रकरणों की जाँच कर उनका निस्तारण किया जाता है।

**15– गोपनीय–06 अनुभाग :– यह अनुभाग प्रयोगात्मक परीक्षाओं का केन्द्र निर्धारण, प्रयोगात्मक परीक्षकों की नियुक्ति एवं प्राप्तांकों का रख–रखाव कर परीक्षाफल निर्माण में गोपनीय 3/4 अनुभाग को सहयोग प्रदान करता है।**

**16– समन्वय अनुभाग** :– समस्त प्रकार के प्रपत्रों की व्यवस्था, आपूर्ति एवं रख–रखाव का दायित्व निर्वहन करता है और सभी अनुभागों में समन्वय स्थापित कर कार्य को गति प्रदान करता है।

**17– समादेश अनुभाग** :– परिषद के विरुद्ध विभिन्न माननीय न्यायालयों में योजित वादों से सम्बन्धित समस्त याचिकाओं का निस्तारण करता है।

18– **रसीद अनुभाग** :– समस्त प्रकार की डाक को प्राप्त कर पंजीकृत करता है तथा सम्बन्धित अनुभागों को प्राप्त कराने का दायित्व निर्वहन करता है।

19– **विभागीय परीक्षा:–** विभागीय परीक्षा से सम्बन्धित दायित्वों के निर्वहन हेतु इस विभाग की स्थापना की गई है जो एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, एन0एस0एस0 'बी' एवं 'सी' सर्टिफिकेट परीक्षाओं का आयोजन एवं सम्पादन करता है।

20– **संस्कृत परीक्षा:–**प्रदेश में स्थित संस्कृत विद्यालयों की परीक्षा का दायित्व भी सौंपे जाने के कारण सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) द्वारा पूर्व में संचालित पूर्व मध्यमा व उत्तर मध्यमा परीक्षाओं का संचालन वर्ष 2015 तक इस अनुभाग द्वारा किया गया। उत्तराखण्ड संस्कृत शिक्षा परिषद् की स्थापना होने के फलस्वरूप वर्ष 2016 की परीक्षाएं सम्बन्धित बोर्ड द्वारा संचालित की जानी हैं।

21–**अभिलेख हाईस्कूल :– हाईस्कूल के प्रमाणपत्रों एवं अंकपत्रों का विद्यालयों को प्रेषण। त्रुटिपूर्ण अथवा खोये/नष्ट हुए प्रमाणपत्रों/अंकपत्रों की द्वितीय प्रति निर्गत करते हुए टी0आर0 को सुरक्षित रखने का दायित्व निर्वहन करता है।**

**22—अभिलेख इण्टर :— इण्टर के प्रमाणपत्रों एवं अंकपत्रों का विद्यालयों को प्रेषण। त्रुटिपूर्ण अथवा खोये/नष्ट हुए प्रमाणपत्रों/अंकपत्रों की द्वितीय प्रति निर्गत करते हुए टी0आर0 को सुरक्षित रखने का दायित्व निर्वहन करता है।**

**23. परिषद अनुभाग :—** परिषद की प्रथम बैठक दिनांक 28 जनवरी, 2009 को आयोजित की गयी। प्रथम बैठक में परिषद की उप विधियाँ पारित करायी गयी। परिषद के विभिन्न क्रिया कलापों के लिए निम्नांकित समितियों का गठन किया गया।

1— पाठ्यचर्या समिति—माध्यमिक शिक्षा, प्रारम्भिक शिक्षा

2—पाठ्यचर्या समिति—शिक्षक शिक्षा

3—परीक्षा समिति

4—परीक्षाफल समिति

5—मान्यता समिति

6—वित्त समिति

परिषद् की वार्षिक बैठक का आयोजन प्रतिवर्ष जनवरी एवं अक्टूबर माह में किये जाने का प्राविधान है।

**24. पाठ्यक्रम एवं शोध अनुभाग :–** इस अनुभाग द्वारा कक्षा 9 से कक्षा 12 तक पाठ्यक्रम निर्माण में सहयोग एवं स्वीकृति हेतु अनुमोदन का अग्रसारण किया जाता है। परिषदीय परीक्षा कक्षा 10 एवं 12 हेतु आदर्श प्रश्न पत्रों का निर्माण किया जाता है। परिषदीय परीक्षाओं के मूल्यांकन हेतु चयनित मास्टर ट्रेनर अध्यापकों के प्रशिक्षण हेतु मॉडयूल तैयार करना एवं कार्यशाला का आयोजन करना भी इस अनुभाग का दायित्व है। विषय विशेषज्ञ के दिशा निर्देशन में प्रश्न पत्र निर्माण विधा पर कार्यशाला का आयोजन कराया जाता है एवं एन0सी0ई0आर0टी0, एस0सी0ई0आर0टी0, डायट, सीमेट एवं अन्य शैक्षिक संस्थानों के साथ आयोजित होने वाली विभिन्न प्रकार की गोष्ठियों एवं कार्यशालाओं में प्रतिभाग किया जाता है। इसके अतिरिक्त परिषद् कार्यालय में प्रयुक्त किये जाने वाले विभिन्न अनुभागों के प्रपत्रों को अन्तिम रूप प्रदान करने में तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाता है।

**25. सूचना का अधिकार अनुभाग:–** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों को पंजीकृत कर समयान्तर्गत उनका निस्तारण करना, प्राप्त प्रथम अपीलीय आवेदन पत्रों पर नोटिस निर्गत करते हुए अपील निस्तारित कराना। समय–समय पर आयोग में योजित द्वितीय अपीलों पर लोक सूचना अधिकारी तथा प्रथम अपीलीय अधिकारी का पक्ष प्रस्तुत करना।

**26— यू0टी0ई0टी0 अनुभाग** :— उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल द्वारा उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय का आयोजन एवं सम्पादन किया जा रहा है।

**27— डी0एल0एड0 :—** उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल द्वारा द्विवर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन प्रवेश परीक्षा एवं सेमेस्टर परीक्षाओं का आयोजन एवं सम्पादन किया जा रहा है।

**28— सूचना सम्प्रेषण अनुभाग** :— परिषद् का यह अत्यन्त महत्वपूर्ण अनुभाग है। जिसमें समस्त प्रकार की सूचनाओं का रख—रखाव करते हुए पत्रादि प्रेषण में अन्य समस्त अनुभागों को सहयोग प्रदान करता है। वेबसाइट एवं ई—मेल द्वारा सूचनाओं का आदान—प्रदान किया जाता है।

# परिषदीय परीक्षा संचालन संबंधी गतिविधियों के क्रमवार विभिन्न चरण

परीक्षा पूर्व कार्य (प्रथम चरण)

परीक्षा अवधि (द्वितीय चरण)

परीक्षा पश्चात् (तृतीय चरण)

# परिषद् की विभिन्न समितियाँ

1. पाठ्यचर्या समिति
2. पाठ्यक्रम समितियॉ
3. परीक्षा समिति
4. परीक्षाफल समिति
5. मान्यता समिति
6. अनुचित साधन निस्तारण समिति

# परिषद् के क्रियाकलाप

परीक्षाओं का संचालन

अभिलेख सम्बन्धी कार्य

मान्यता सम्बन्धी कार्य

सूचना संप्रेषण सम्बन्धी कार्य

# ऑनलाइन पंजीकरण

## कक्षा 9 से कक्षा 12 तक

- पंजीकरण क्यों आवश्यक ?
- पंजीकरण किसका ?
- प्रक्रिया – माह जनवरी 2017 के प्रथम अथवा द्वितीय सप्ताह में प्रारम्भ।
- विज्ञप्ति एवं पत्र के माध्यम से सूचित किया जायेंगा।
- चालान जमा करने की अन्तिम तिथि – 30 सितम्बर, 2016
- इस वर्ष से पंजीकरण प्रक्रिया में विशेष ध्यान की आवश्यकता।


# अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र सह अंकपत्र का नवीन प्रारूप

- ग्रेडिंग के विषय सम्मिलित
- निर्देशों में परिवर्तन
- समयबद्ध वितरण प्रक्रिया/प्रविष्टियों का मिलान
- त्रुटियों का संशोधन प्रेषण

# नामावली संशोधन

## समयबद्ध कार्यक्रम



# नामावली संशोधन में ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बिन्दु

- अतिमहत्वपूर्ण प्रक्रिया
- हाईस्कूल नामावली का मिलान विद्यालय में उपलब्ध एस0आर0पंजिका एवं आई0सी0आर0 आवेदन पत्रों से किया जायें
- इण्टर नामावली का मिलान विद्यार्थी के हाईस्कूल के प्रमाण पत्र सह अंकपत्र एवं आई0सी0आर0 आवेदन पत्रों से किया जायें
- विद्यार्थी से सम्बन्धित सूचनायें – अनुक्रमांक, ओ0 एम0आर0 संख्या, नाम, माता का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, लिंग कोड, जाति कोड, माध्यम कोड, विकलांग कोड, अल्पसंख्यक कोड, ग्रुप कोड, रेगुलेशन कोड तथा चयनित विषय आदि सूचनाओं को सावधानी पूर्वक जॉचा जायें।

# नामावली संशोधन (समय सारणी)

परिषद् कार्यालय से सी0ई0ओ0 कार्यालय – 25 व 26 नवम्बर,2016

सी0ई0ओ0 कार्यालय से बी0ई0ओ0 कार्यालय – 28 नवम्बर,2016

बी0ई0ओ0 कार्यालय से विद्यालय– 30 नवम्बर,2016

विद्यालय से बी0ई0ओ0 कार्यालय – 07 दिसम्बर, 2016

बी0ई0ओ0 कार्यालय से सी0ई0ओ0 कार्यालय – 09 दिसम्बर, 2016

सी0ई0ओ0 कार्यालय से परिषद् कार्यालय – 12 दिसम्बर, 2016

# अध्यापक विवरण प्रेषण

- नवीन ओ0एम0आर0
- कर्मचारी कोड अनिवार्य
- मूल्यांकन हेतु ऐच्छिक केन्द्र **(Choice)**
- अनुभव की सही अंकना
- विषय कोड/विद्यालय कोड/जनपद कोड की सही अंकना

# नवीन परीक्षा केन्द्र

- केन्द्र स्थापना का शासनादेश
- नवीन केन्द्रों की स्थापना
- निरीक्षण / व्यवस्था
- अग्रसारण केन्द्रों की कार्यप्रणाली

# प्रयोगात्मक परीक्षा

- समयबद्ध कार्यक्रम
- अतिमहत्वपूर्ण चरण
- अनावश्यक दीर्घ कार्यक्रम
- परीक्षा केन्द्र पर उपस्थिति आवश्यक
- ओ0एम0आर0 पत्रक में सही अंकना
- समयबद्ध प्रेषण

# शिक्षकों का कोर ग्रुप निर्माण

- विद्यालय स्तर पर
- विकासखण्ड स्तर पर
- प्रश्न बैंक (**Question Bank**) निर्माण
- प्रशिक्षण व्यवस्था
- बोर्ड प्रश्नपत्रों का हल
- आदर्श प्रश्नपत्रों का निर्माण
- परिषद् को प्रेषण

# अंक योजना निर्माण

- गृह परीक्षा हेतु
- परिषदीय परीक्षा हेतु
- विशेषज्ञ अध्यापकों का चयन
- परिषद् से सहयोग

# Thanks